दिन– शनिवार दिनांक– 11 / 04 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रदेश में नई सरकार के गठन को लेकर सरगर्मियां तेज। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज जदयू के नेताओं से करेंगे मुलाकात।

02. प्रदेश में होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिये सभी निर्वाचन क्षेत्रों का मतदाता सूची प्रारूप सत्ताईस अप्रैल को होगा प्रकाशित।

03. पश्चिम एशिया संघर्ष समाप्त करने के लिए अमरीका और ईरान के बीच आज इस्लामाबाद में वार्ता।

04. और, इसरो ने आगामी गगनयान मिशन यात्रियों की सुरक्षित वापसी के लिए दूसरा परिक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया।

———————————————————————

प्रदेश में नई सरकार के गठन को लेकर सरगर्मियां तेज हो गयी हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कल नई दिल्ली में राज्यसभा के सदस्य की शपथ लेने के बाद पटना लौट आये हैं। श्री कुमार का आज जदयू के नेताओं से मुलाकात का कार्यक्रम है। इस दौरान नई सरकार के गठन और पार्टी के आगे की रणनीतियों पर चर्चा की सम्भावना है।

———————————————————————

जदयू के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्यसभा की सदस्यता की शपथ लेने के साथ ही चारों सदनों का सदस्य बनने की उपलब्धि हासिल कर ली है। अब तक बिहार से लालू प्रसाद यादव, सुशील कुमार मोदी, नागमणि, उपेन्द्र कुशवाहा और रामकृपाल यादव विधानसभा, विधान परिषद, लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य रह चुके हैं। नीतीश कुमार इस श्रेणी में शामिल होने वाले बिहार के छठे व्यक्ति हो गये हैं।

———————————————————————

प्रदेश में नई सरकार के गठन के संबंध में कल नई दिल्ली में होने वाली भाजपा कोर कमिटी और वरिष्ठ नेताओं की बैठक स्थगित हो गयी। यह बैठक पार्टी के संगठनात्मक विस्तार, बिहार में नई सरकार के स्वरूप और सहयोगी दलों के साथ समन्वय की रणनीति पर मंथन के लिए बुलाई गयी थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के पश्चिम बंगाल चुनाव में व्यस्तता के कारण यह बैठक नहीं हो सकी।

————————————————————————————————

प्रदेश में इस साल होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिये सभी निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन सत्ताईस अप्रैल को होगा। राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव मुकेश कुमार सिन्हा ने बताया कि ग्यारह मई तक प्रारूप पर आपत्तियां ली जायेंगी। उन्होंने कहा कि चौदह मई तक आपत्तियों का निपटारा किया जायेगा। श्री सिन्हा ने कहा कि अपील से जुड़े मामलों का निपटारा अठारह से बाईस मई के बीच किया जायेगा। सचिव ने बताया कि अंतिम रूप से प्रपत्र–एक का प्रकाशन पच्चीस मई को होगा और जिला गजट में उनतीस मई को इसका प्रकाशन किया जायेगा। चुनाव प्रक्रिया को सुचारू बनाये रखने के लिए अधिकारियों को तेरह से सत्रह अप्रैल के बीच प्रशिक्षण दिया जायेगा।

————————————————————————————————

गृह विभाग ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को जिलों का प्रभारी बनाया है। पुलिस महानिदेशक, डीजीपी विनय कुमार ने पुलिस मुख्यालय में तैनात डीआईजी से लेकर एडीजी स्तर तक के बत्तीस अधिकारियों को अड़तीस जिलों का अलग–अलग प्रभार सौंपा है। ये प्रभारी विधि–व्यवस्था संधारण और सुरक्षा के चांक–चौबंद प्रबंध की जिम्मेदारी का भी निर्वाह करेंगे। इस संबंध में जारी निर्देश के अनुसार ईओयू के एडीजी एन.एच. खान को पटना, पुलिस मुख्यालय में आई जी मनोज कुमार को वैशाली और एडीजी अमित कुमार जैन को सारण तथा बक्सर जिले का प्रभारी बनाया गया है।

————————————————————————————————

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष समाप्त करने के लिए अमरीका और ईरान के बीच आज इस्लामाबाद में वार्ता होगी। अमरीकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व उपराष्ट्रपति जे.डी. वैंस करेंगे। उनके साथ राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और सलाहकार जेरेड कुशनर भी होंगे। ईरान का प्रतिनिधित्व संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाग़ेर क़लिबाफ़ करेंगे। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

————————————————————————————————

पश्चिम एशिया में दो सप्ताह के युद्धविराम के बावजूद इस्राएल द्वारा लेबनान में किये जा रहे लगातार हमलों के बाद मृतकों की बढ़ती संख्या पर भारत ने गहरी चिंता व्यक्त की है। नई दिल्ली में पश्चिम एशिया के घटनाक्रम पर अंतर–मंत्रालयी प्रेसवार्ता में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि इस क्षेत्र में शांति और स्थिरता के प्रति भारत की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को देखते हुए मौजूदा स्थिति बेहद चिंताजनक है।

———साउंड बाईट———

भारत ने हमेशा नागरिकों की सुरक्षा को पहली प्राथमिकता दी है। अंतरराष्ट्रीय कानूनों का पालन करना और देशों की संप्रभुता व क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करना महत्वपूर्ण है। लेबनान में हमारा दूतावास, भारतीयों की सुरक्षा के लिए लगातार उनके संपर्क में है।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा है कि देश में घरेलू एलपीजी और ईंधन की आपूर्ति स्थिर है।

———साउंड बाईट———

14 मार्च से लगभग एक लाख छह हजार टन कमर्शियल एलपीजी की सेल हुई है। प्रतिरोज लगभग छह, साढे छह हजार टन कमर्शियल एलपीजी की सेल हो रही है। हर रोज लगभग एक लाख के आस–पास पांच किलो के सिलेण्डर की सेल हो रही है। कल लगभग एक लाख दस हजार सिलेण्डर की सेल हुई।

———————————————————————————

पटना स्थित बापू टावर और वैशाली स्थित बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय को सत्रहवां सीआईडीसी विश्वकर्मा अवार्ड दो हजार छब्बीस दिया गया है। नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि को यह सम्मान दिया।

———————————————————————————

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के आर्टेमिस–द्वितीय चंद्र मिशन के चारों अंतरिक्ष यात्री आज सकुशल पृथ्वी पर लौट आए हैं। उनका ओरियन अंतरिक्ष यान– इंटीग्रिटी स्वचालित नियंत्रण प्रणाली के तहत प्रशांत महासागर में उतरा। चार सदस्यीय दल की यह वापसी ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण रही। इस रिकॉर्ड बनाने वाले चंद्र फ्लाईबाय मिशन के दौरान अंतरक्षि यात्रियों ने चंद्रमा के उन दूरस्थ हिस्से के दृश्य देखें, जिन्हें मानव आंखों द्वारा पहले कभी नहीं देखा गया था। इसके साथ ही उन्होंने पूर्ण सूर्यग्रहण का भी अवलोकन किया।

———————————————————————————

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो ने आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में गगनयान मिशन के लिए दूसरा सफल एकीकृत वायु–विस्फोट परीक्षण किया है। यह प्रणाली मानव सहित अंतरिक्ष उड़ान के दौरान अंतरिक्ष यात्रियों के कैप्सूल, क्रू मॉड्यूल की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है। एक रिपोर्ट

———रिपोर्ट———

———————————————————————————

एशियाई विकास बैंक–एडीबी ने चालू वित्त वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस के लिए भारत के विकास पूर्वानुमान को साढ़े छह प्रतिशत से बढ़ाकर छह दशमलव नौ

प्रतिशत कर दिया है। एडीबी के एशियाई विकास आउटलुक के अनुसार मजबूत घरेलू मांग, आसान वित्तपोषण स्थितियों और भारतीय वस्तुओं पर अमरीकी टैरिफ में कमी की वजह से चालू वित्त वर्ष में भारत में विकास मजबूत रहने की उम्मीद है।

———————————————————————

दरभंगा पुलिस ने नगर थाना क्षेत्र के बड़ा बाजार स्थित एक आभूषण दुकान में पिछले दिनों हुए लूट कांड में तीन और आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक जगरनाथ रेड्डी जला रेड्डी ने बताया कि अब तक इस मामले में बारह आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, एक सौ छप्पन ग्राम सोने और आठ किलो से अधिक चांदी के जेवरात बरामद किए गए हैं।

———————————————————————

इधर, जिले के इंडियन ओवरसीज बैंक की शाखा में हुए दो करोड़ के लोन फ्रॉड में साइबर थाना पुलिस ने बैंक के सहायक मैनेजर रवि राघवेंद्र को गिरफ्तार किया है। जबकि मामले में तत्कालीन शाखा प्रबंधक रवीश चंद्र समेत दो आरोपी फरार है।

———————————————————————

मधेपुरा जिले के उदाकिशुनगंज नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड–17 के लौनियाचक मुहल्ले में आगलगी की घटना में कई घर जलकर नष्ट हो गये। आग लगने का कारण चूल्हे से निकली चिंगारी को बताया जा रहा है। बीडीओ सह प्रभारी सीओ गुलजारी कुमार पंडित ने बताया कि पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की प्रकिया की जी रही है। इधर, पश्चिम चम्पारण के बैरिया प्रखंड क्षेत्र के लौकरिया पंचायत अंतर्गत वार्ड 3 और 5 के मुसहरी टोला में भीषण अगलगी की घटना में 150 घर जल कर नष्ट हो गये। वहीं, हादसे में एक दर्जन से अधिक मवेशियों की भी झुलसकर मौत हो गई।

———————————————————————

अररिया के जिलाधिकारी विनोद दूहन ने कार्यों के निष्पादन में अनियमितता के आरोप में जिले के तीन राजस्व कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है। निलंबित कर्मचारियों में फारबिसगंज अंचल के विकास कुमार मंडल, राजेश कुमार शशि तथा नरपतगंज अंचल की रेणु कुमारी शामिल हैं।

———————————————————————

आज विश्व पार्किंसन दिवस है। दुनियाभर में पार्किंसन रोग के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रति वर्ष ग्यारह अप्रैल को यह दिन मनाया जाता है। यह तंत्रिका तंत्र और मस्तिष्क कोशिकाओं को प्रभावित करने वाला रोग है। इस अवसर पर प्रदेशभर में कई जन जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

———————————————————————————

भुवनेश्वर में आयोजित राष्ट्रीय स्कूल रग्बी अंडर चौदह प्रतियोगिता के बालक और बालिका वर्ग में बिहार की टीमों ने रजत पदक प्राप्त किया है। बालक वर्ग की टीम को फाइनल मुकाबले में ओडीशा से पांच– शून्य से हार का सामना करना पड़ा। वहीं, बालिका वर्ग की टीम को भी फाइनल में ओडिशा से दस–पांच से हारकर रजत से संतोष करना पड़ा।

———————————————————————————

आईपीएल में आज दो मुकाबले खेले जायेंगे। पहला मुकाबला पंजाब किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच दोपहर साढ़े तीन बजे से होगा। वहीं, दूसरा मुकाबला शाम साढ़े सात बजे से चेन्नई सुपर किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेला जाएगा। वहीं, कल खेले गये मैच में राजस्थान रॉयल्स ने प्रतियोगिता में लगातार चौथी जीत दर्ज करते हुए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को छह विकेट से हरा दिया। दो सौ दो रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए राजस्थान ने अठारह ओवर में जीत हासिल कर ली। वैभव सूर्यवंशी ने छब्बीस गेंदों में शानदार अठहत्तर रन बनाये। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

———————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा की सदस्यता ग्रहण करने की खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक जागरण ने इस खबर पर लिखा है– राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ के साथ नीतीश की नई सियासी पारी।

हिन्दुस्तान ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शुभकामना संदेश को शीर्षक बनाते हुये लिखा है– नीतीश जी के लम्बे अनुभव से संसद की गरिमा बढ़ेगी।

दैनिक भास्कर ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा के घोषणा पत्र जारी करने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुये लिखा– बंगाल में भाजपा का वादा, हर महिला को तीन हजार रूपये महीना, नौकरियों में तैंतीस प्रतिशत आरक्षण।

प्रभात खबर हाई कोर्ट के एक निर्णय पर लिखता है– पंचायत परिसीमन पर चौदह दिनों में राज्य निर्वाचन आयोग ले फैसला।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रदेश में नई सरकार के गठन को लेकर सरगर्मियां तेज। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज जदयू के नेताओं से करेंगे मुलाकात।

02. प्रदेश में होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिये सभी निर्वाचन क्षेत्रों का मतदाता सूची प्रारूप सत्ताईस अप्रैल को होगा प्रकाशित।

03. पश्चिम एशिया संघर्ष समाप्त करने के लिए अमरीका और ईरान के बीच आज इस्लामाबाद में वार्ता।

04. और, इसरो ने आगामी गगनयान मिशन यात्रियों की सुरक्षित वापसी के लिए दूसरा परिक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।